सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 78 | इंदौर, मंगलवार 30 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. इंडोनेशिया में इस्लामिक स्कूल की इमारत ढही, एक छात्र की मौत और 65 मलबे के नीचे दबे
2. 'इस्राइल हटे, हमास हथियार छोड़े': क्या है गाजा में संघर्ष रोकने की ट्रंप की योजना, जिसे PM मोदी ने भी सराहा?
3. कांग्रेस ने एक साल बाद हरियाणा में चुना अध्यक्ष, उस पर भी रार; सीनियर नेता ने उठाए सवाल
4. 'अमेरिका ने हमें रोका...', मुंबई हमले पर चिदंबरम का बड़ा कुबूलनामा, बीजेपी बोली- बहुत देर कर दी
5. अब सड़क पर 'साइलेंट' नहीं रहेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, AVAS सिस्टम से होंगे लैस!

### अगले सत्र से आरटीई के बच्चों को किताबें देंगे

### हरदा जिले के खिरकिया में विकास कार्यों की दी सौगातें

# सीएम का दावा: आरटीई के तहत प्रदेश के हर चौथे बच्चे की फीस सरकार भर रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सभी वर्गों के हर चौथे बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की फीस दे रही है। राज्य सरकार ने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम से लाभान्वित निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को अगले सत्र से पाठ्यपुस्तकें और बैग उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की पहचान आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्य की बन चुकी है। राज्य सरकार ने संपूर्ण प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की है। विद्यार्थियों को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जा रही है। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, ड्रेस और किताबें मिल रही हैं। शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी और 75 प्रतिशत अंक लाने वालों को लैपटॉप प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आया है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना उनके बेहतर भविष्य की सुरक्षा है। बच्चे अपना भविष्य बनाते हुए देशभक्त नागरिक बनें, वे डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक बनें, साथ ही सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 72 किलोमीटर लम्बी आशापुर-हरदा सड़क निर्माण की घोषणा भी की। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह और पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल भी उपस्थित थे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा, सुशासन, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार और पारदर्शिता को प्रोत्साहित किया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम समाज के कमजोर वर्ग के लिए वरदान की तरह है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार के माध्यम से निजी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों में 70 प्रतिशत विद्यार्थी किसान परिवार से आते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के लिए भावांतर योजना प्रारंभ की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।



**निजी स्कूलों के लिए 300- 400 रु. में किताबें देंगे**

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अगले सत्र से हमारी कोशिश है कि प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को सस्ती पुस्तकें मिले। इसके लिए एक बैग में 300- 400 रुपए की पुस्तकें प्राइवेट स्कूलों की क्लास की मिलेंगी। स्टॉल लगाकर पुस्तकें दी जाएगी।

# गुजरात में हाईवे डूबा, गरबा पंडाल ढहे

## महाराष्ट्र के 3 हजार+ गांव डूबे, बारिश-बाढ़ से 104 मौतें, 15 अक्टूबर तक विदा होगा मानसून

**नई दिल्ली/मुंबई/अहमदाबाद, (एजेंसी)। गुजरात में बुधवार को कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। इससे वलसाड और नवसारी जिलों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। द्वारका में कल्याणपुर को पोरबंदर से जोड़ने वाला स्टेट हाईवे डूब गया। कल्याणपुर के पास एक कार पानी में बह गई। वडोदरा में गरबा पंडाल ढह गए।**

महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में 3,050 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। 1 जून से 29 सितंबर तक बारिश-बाढ़ के कारण 104 लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ में सबसे ज्यादा 28 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा संभाजीनगर, बीड, हिंगोली, जालना, धाराशिव, परभणी और लातूर में लोगों की जान गई।

मराठवाड़ा की 2,701 किलोमीटर सड़कें टूट गईं और 1,504 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1,064 स्कूल, 352 केंद्र और 58 सरकारी बिल्डिंग खराब हुईं। बारिश और बाढ़ को देखते हुए महाराष्ट्र बोर्ड ने 12वीं क्लास के एग्जाम फॉर्म भरने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर 20 अक्टूबर कर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे देश से मानसून की विदाई तय समय 15 अक्टूबर तक होने की संभावना है। पिछले साल भी मानसून 15 अक्टूबर को विदा हुआ था। देश में 1 जून से 30 सितंबर तक होने वाली बारिश मानसूनी मानी जाती है। इसके बाद भी छिटपुट बारिश जारी रहती है।





# बारिश से महिला विश्वकप के मैचों की चिंता बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में 1 अक्टूबर से महिला विश्व कप के मैच शुरू हो रहे हैं। होलकर स्टेडियम में चल रही तैयारियों पर कल से शुरू हुई बारिश चिंता बढ़ा रही है। लगातार हो रही बारिश के चलते पिच को कवर किया गया है। एक अक्टूबर को गुवाहाटी में इंडिया और आस्ट्रेलिया का पहला मैच होगा। इसके बाद दूसरा मैच 1 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा।

शहर में सितंबर के आखिरी दिनों में भी मानसून की सक्रियता बनी हुई है, जिसके चलते रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। रविवार को दिन भर बादल छाए रहने के बाद शाम और रात में कई बार रिमझिम फुहारें पड़ीं। मौसम विभाग ने रात में 3.2 मिमी बारिश दर्ज की। इस बारिश के साथ ही इंदौर में इस सीजन का 38 इंच का औसत कोटा पूरा हो गया है और अब तक



कुल 38 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम 29.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में बना मौसमी सिस्टम अब मालवा क्षेत्र में सक्रिय है, जिसके कारण अगले 3-4 दिनों तक हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की आधिकारिक अवधि 1 जून से 30 सितंबर तक होती है, लेकिन इस बार इसकी विदाई देर से होने के आसार हैं। अनुमान है कि 7 अक्टूबर के बाद मानसून विदा होगा, जिसका मतलब है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में भी पोस्ट-मानसून बारिश देखने को मिल सकती है।

**महापौर बोले**

## दिग्विजय सिंह पर केस होना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शीतलामाता बाजार में पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह के आने के मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह पर केस दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के बयान पर भी आपत्ति ली है।

सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव मीडिया से रुबरू हुए। इस दौरान उनसे शीतलामाता बाजार मामले में सवाल पूछा गया, इस पर महापौर ने कहा कि दिग्विजय सिंह और कांग्रेस का गर्त में जाने का एकमात्र कारण है मुस्लिम तुष्टिकरण। यदि किसी ने लव जिहाद को लेकर कोई प्रश्न उठाया है और समाज अगर उसके साथ में खड़ा है तो वहां दिग्विजय सिंह को जाने की जरूरत नहीं है। केवल माहौल खराब करने के लिए वे यहां आए। मैं तो उल्टा ये कहूंगा कि शहर के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने के लिए, वैमनस्यता फैलाने के लिए दिग्विजय सिंह पर केस होना चाहिए। सज्जन सिंह वर्मा द्वारा दिए एक बयान को लेकर महापौर ने कहा कि सज्जन वर्मा ने भी जो टिप्पणी की है वह घोर आपत्तिजनक है, कि सारे विधायक पुत्र भागते हुए नजर आएंगे, मैं उनको ये कहना चाहता हूं कि ये नौजवानों की टोली है और पूरे एमपी से कांग्रेस को इन नौजवानों की ताकत से हम भगा चुके है और सज्जन वर्मा खुद ही कभी इंदौर से भागते है कभी देवास से भागते है। वो तय करे कि वे भागकर कहां जाना चाहते है।

## मैकेनिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विजयनगर क्षेत्र में सोमवार को एक मैकेनिक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसका भतीजा खेलते-खेलते अंदर के कमरे में गया और अपने बड़े पापा को फंदे पर लटका देखा। बच्चा घबराकर चिल्लाने लगा, जिसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे। जब तक उसे फंदे से उतारा गया, उसकी मौत हो चुकी थी। विजयनगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सोनू खरे (45), पुत्र मोतीलाल खरे, निवासी मालवीय नगर के रूप में हुई है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय सोनू घर पर अकेला था। उसकी पत्नी बबीता और दोनों बच्चे काम पर गए हुए थे। सोनू भी मैकेनिक का काम करता था, लेकिन सोमवार को वह काम पर नहीं गया था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### चंदन के पेड़ काटकर चोरी की कोशिश करने वाले

## बदमाशों को बीएसएफ जवानों ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के रेवती रेंज में रविवार देर रात चंदन के पेड़ काटकर चोरी की कोशिश करने वाले बदमाशों को बीएसएफ जवानों ने दबोच लिया। पेट्रोलिंग के दौरान जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घेराबंदी की। इस दौरान एक आरोपी मौके पर ही पकड़ा गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।**

बीएसएफ अधिकारियों ने पकड़े गए आरोपी को बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द किया है। वहीं फरार दोनों आरोपियों को भी पुलिस ने सोमवार अलसुबह उनके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान



विक्रम पुत्र गिरधारी परमान, ईश्वर पुत्र मदन और राधेश्याम निवासी खोरिया मेहतपुर (उज्जैन) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने रेंज में लगे चंदन के पेड़ काटकर चोरी करने की योजना बनाई थी। बीएसएफ टीआई राजेश कुमार आर्य की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों के अनुसार रेवती रेंज में बड़ी संख्या में चंदन के पेड़ हैं। यहां पहले भी कई बार चंदन की चोरी हुई है। इस बार आरोपी मौके पर ही पकड़ा गया। आरोपियों ने रेंज में लगा चंदन का पेड़ काट लिया था। बीएसएफ के अधिकारियों ने पुलिस को बताया कि रात में जवान मंजीत सिंह और हिथोना ए जिमो पेट्रोलिंग कर रहे थे। उन्हें जंगल वाले इलाके में कुछ मूवमेंट दिखा। इसके बाद दोनों जवानों ने आवाज लगाई तो जबाव नहीं आया। बाद में टॉर्च जलाकर लाइट मारी तो कुछ लोग बैठे हुए दिखे। उन्होंने वायरलेस पर मैसेज किया। इसके बाद छिपे हुए युवकों को पकड़ने पहुंचे। जिसमें विक्रम बीएसएफ के जवानों के हत्थे चढ़ गया।

### अहिल्याश्रम क्रमांक-2 में महाआरती और 3000 कन्याओं का पूजन व भोजन प्रसादी वितरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में सोमवार को दुर्गा उत्सव मनाया गया। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि सभी छात्राएं हर्षोउल्लास के साथ गरबा की परंपरागत रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर आज स्कूल पहुँची। स्टाफ की तरफ से मां दुर्गा की आरती कर तीन हजार छात्राओं का पूजन कर भोजन प्रसादी कराई गई तथा उपहार वितरित किये गए। कार्यक्रम का संयोजन सुषमा राठौर और धीरेंद्र शुक्ला ने किया।**

# 12 साल की बच्ची से चार नाबालिगों ने गैंगरेप की कोशिश की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तेजाजी नगर में एक 12 साल की बच्ची से चार नाबालिगों ने गैंगरेप की कोशिश की। आरोपी उसे मुंह और पैर दबाकर पंचायत भवन के यहां ले गए। लेकिन रास्ते से कुछ महिलाओं के आने पर लड़की ने शोर मचा दिया। जिस पर लड़के वहां से भाग गए। लड़की अपने घर पहुंची और माता-पिता को घटना की जानकारी दी।

रविवार को परिजन थाने पहुंचे और चारों नाबालिग लड़कों पर पॉस्को और अन्य धाराओं में एफआईआर कराई। छठीं क्लास में पढ़ने वाली एक 12 साल की लड़की अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंची। उसकी शिकायत पर इलाके में रहने वाले अखिल, रोहित, धर्मेन्द्र और सूरज के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि 27 सिंतबर की रात में वह अपनी सहेली के साथ गरबे करने गई थी। रात करीब 11 बजे के लगभग दोनों अकेले वापस आ रही थीं। इसी दौरान सहेली रास्ते में घर चली गई। पंचायत भवन के यहां से जब पीड़िता अकेले गुजर रहीं थी तो आरोपियों ने उसे देखा। इस दौरान अखिल के परिचित होने के चलते आवाज देने पर रुक गई। तब चारों उसके पास पहुंचे और हाथ और मुंह दबाकर उसे पंचायत भवन की तरफ लेकर चले गए। यहां पर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान रास्ते से कुछ महिलाओं के गुजरने की आवाज आई। तब लड़की ने शोर मचा दिया। इस दौरान आरोपी उसे छोड़कर वहां से भाग गए। रात में घबराई हुई पीड़िता घर पहुंची और मां को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद दूसरे दिन लड़की की मां ने अपने पति को घटना की जानकारी दी। परिवार थाने पहुंचा और पुलिस को मामले में सूचित किया। पुलिस ने इस मामले में कुछ लड़कों को हिरासत में लिया है।

◆ मुख्यमंत्री ने इंदौर के प्राणी संग्रहालय का किया अवलोकन

# पशु-पक्षी हमारे पर्यावरणीय तंत्र का भी हैं अभिन्न हिस्सा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पशु-पक्षी केवल चिड़ियाघरों की शोभा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके प्रति संवेदनशील होना हर नागरिक का कर्त्तव्य है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पक्षियों और जानवरों के प्रति प्रेम और करुणा का व्यवहार करें। मुख्यमंत्री ने यह संदेश भी दिया कि मानवीय संवेदनशीलता ही प्रकृति और समाज के बीच संतुलन बनाए रख सकती है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की सुबह इंदौर के प्राणी संग्रहालय पहुंचे। यहाँ उनका पशु-पक्षियों के प्रति लगाव देखने को मिला। उन्होंने वन्य प्राणियों का अवलोकन किया और आकर्षक रंग-बिरंगे पक्षियों को आत्मीयता के साथ दुलार भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन्य जीव संपदा के दृष्टिकोण से लगातार समृद्ध हो रहा है। श्योपुर जिले के कूनो में चीतों के आने के बाद इंदौर के प्राणी संग्रहालय में शिमोगा के जू से दो जोड़ी बायसन का आगमन हुआ है। प्राणी संग्रहालय में नए मेहमानों के आगमन पर उन्होंने इंदौरवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु-पक्षियों के साथ जुड़ाव हमें प्रकृति के और करीब लाता है। उनका संरक्षण और संवर्धन समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों को मध्यप्रदेश का वातावरण अनुकूल लग रहा है, जिससे वे अपना वंश बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के प्राणी संग्रहालय में पहले आए ज़ेब्रा की देखरेख उत्कृष्ट स्तर पर हुई, जिससे ज़ेब्रा ने यहां सफलतापूर्वक वंश वृद्धि की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इंदौर के प्राणी संग्रहालय को और बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय स्थित 'पक्षी विहार' सहित बायसन एवं शतुरमुर्ग के बाड़े, स्नेक एक्वेरियम में किंग कोबरा का अवलोकन कर विभिन्न प्रजातियों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि टाइगर ब्रीडिंग एवं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंदौर के जू को शिमोगा के जू से रुद्र, तुलसी, कल्कि और ताप्ती नाम के 4 जंगली भैंसे 'बायसन' प्राप्त हुए हैं। इसके बदले इंदौर ने शिमोगा जू को एक टाइगर दिया है। बायसन के साथ ही इंदौर को शुतुरमुर्ग के दो जोड़े भी मिले हैं। इंदौर जू के परिवार में 8 एग्ज़ॉटिक एनिमल हाल ही में जुड़े हैं। यह न केवल इंदौर शहर के लिए बल्कि प्रदेशवासियों के लिए भी बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही सेंट्रल इंडिया का सबसे आकर्षक एक्वेरियम यहां स्थापित किया जाएगा। इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, विधायकगण रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, अपर आयुक्त नगर निगम रोहित सिसोनिया, एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया एवं प्राणी संग्रहालय प्रभारी डॉ. उत्तम यादव सहित अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पेट्रोल भरा टैंकर पलटा

## ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार देर रात शहर के बायपास पर एक बड़ा हादसा टल गया। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पेट्रोल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने ड्रायवर संजू के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।**

टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि रात करीब 1 बजे वायरलेस सेट पर सूचना मिली थी कि नायता मुंडला के पास भारत पेट्रोलियम का टैंकर (नंबर एमपी09-एएल-7063) पलट गया है। मौके पर पुलिस पहुंची तो टैंकर के पास ड्राइवर संजू पिता मानसिंह बंजारा निवासी खारिया देवास मौजूद था। उसने पूछताछ में बताया कि वह मांगलिया डिपो से पेट्रोल लेकर हरदा जा रहा था। इस दौरान बायपास पर गड्ढों की वजह से वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से पेट्रोल सड़क पर फैल गया था। सड़क और आसपास के गड्ढों में भर गया था। इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पुलिस ने समय रहते पूरे एरिया को सील किया, ताकि आगजनी जैसी स्थिति न बने और मैकेनिक को बुलाकर टैंकर का लीकेज चैक कराया।

# कैफे में गरबे के दौरान आपत्तिजनक हालत में दिखे युवक-युवतियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के राउ इलाके में बायपास रोड पर स्थित 'अथा कैफे' का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में युवक-युवतियां गरबा कर रहे हैं, वहीं, कुछ जोड़े आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि गरबे के नाम पर कैफे में अश्लील हरकतें हो रही थीं। यहां हुक्का भी पिलाया जा रहा है। वीडियो 6 दिन पुराना है, जो अब सामने आया है।**



वीडियो को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई है। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी इसका विरोध किया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी स्थानीय पुलिस या प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जबकि वीडियो में दावा किया गया है कि कैफे में गरबे के दौरान हुक्का पिलाया जा रहा था और युवक-युवतियां अश्लील हरकतें कर रहे थे। राउ थाना प्रभारी राजपाल राठौर ने बताया कि उनके पास भी यह वायरल वीडियो पहुंचा है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गरबा आयोजन के लिए कैफे प्रबंधन की ओर से किसी भी तरह की कोई अनुमति नहीं ली गई थी।

# एएसआई से मारपीट करने वाले को एक साल का कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नवदुर्गा पांडाल में शराब पीकर आए दो युवकों ने वहां ड्यूटी पर तैनात एएसआई से मारपीट की। इस पर पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया। खास बात यह कि इसका फैसला 14 साल बाद हुआ। जिला कोर्ट ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है जबकि दूसरे आरोपी की केस ट्रायल के दौरान मौत हो गई।

घटना 3 अक्टूबर 2011 को सिद्धेश्वर नव गरबा गौरीनगर में हुई थी। यहां रात 10.30 बजे खातीपुरा के दो युवक आए। उन्होंने यहां ड्यूटीरत हीरा नगर थाने के एएसआई बीआर सिसोदिया के पास आकर कहा कि तू यहां क्या ड्यूटी कर रहा है। तुझे किसने यहां ड्युटी पर लगाया है। इस दौरान दोनों युवकों के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। एएसआई ने उन्हें समझाकर जाने का कहा तो दोनों ने उन्हे गालियां देते हुए कहा कि तू हमें जाने का कहने वाला कौन होता है। एएसआई ने उन्हें समझाया गया नवरात्रि का त्योहार है। गरबा जैसे त्योहार, आयोजन को मत बिगाड़ो तो उन्होंने और उत्तेजित होकर उनकी कालर पकड़ ली। आपाधापी के बीच एएसआई ने कालर पकड़ने वाले का हाथ पकड लिया तथा उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम सूरज बताया। एएसआई उसे समझाने लगे तो उसका साथी भी आ गया तथा कहा कि मेरा नाम पवन है। उसने कहा कि तुम जैसे पुलिस वालों को और तुझे अभी देखते है। दोनों ने एएसआई को उठाकर पटक दिया और मारपीट की जिससे एएसआई के गाल, कान, और हाथ-पैरों में चोटें आई। जिला कोर्ट ने 26 सितंबर को आरोपी पवन पटेल (35) को धारा 332 में दोषी पाते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रु. अर्थदण्ड से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ईशु यादव ने की।

# नो एंट्री जोन पर भारी वाहनों पर कार्रवाई




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रैफिक पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी शहर के नो एंट्री जोन में ट्रकों के आने का सिलसिला नहीं थम रहा है। रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक ट्रैफिक पुलिस ने नो एंट्री जोन में घुसने वाले 23 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। इस बार ट्रकों के 5-5 हजार रुपए के चालान बनाए गए हैं। वहीं पुलिस ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय के बाद नो एंट्री में प्रवेश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

एयरपोर्ट रोड पर 15 सितंबर को एक ट्रक नो एंट्री जोन में घुसा था और कई वाहनों को चक्कर मारी थी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हुई और करीब 15 घायल हुए। इसके बाद से नो एंट्री जोन में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर सख्ती बरती जा रही है। ट्रैफिक पुलिस रोज चालानी कार्रवाई कर रही है, ट्रक चालक फिर भी नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने भारी वाहन चालकों को समझाइश दी है कि वे निर्धारित समय के पहले नो एंट्री में भारी वाहनों को ना लाएं और पुलिस-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिस पर कोई भी नो एंट्री जोन में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर सूचना दे सकता है। वहीं ट्रैफिक को लेकर अन्य समस्याओं पर भी बात की जा सकती है। इस नंबर पर भी लगातार कॉल आ रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार से सोमवार तक नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 102 वाहनों पर कार्रवाई की है। शनिवार सुबह से रविवार सुबह तक ऐसे 37 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई है। वहीं शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह तक 42 वाहन नो एंट्री में पकड़े गए थे।

# महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान स्वयं रखना आवश्यक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं मध्यप्रदेश के संचालक डॉ. जयसवाल के निर्देश पर स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी क्रमांक 20 (उषा फाटक) में कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ. अल्पना शर्मा, समाजसेवी प्रदीप जोशी एवं पर्यवेक्षक निसरीन हुसैन ने अलग-अलग तीन सत्र मे महिलाओं से स्वास्थ्य संबंधी चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान स्वयं रखना चाहिए इसके लिए उन्हें उचित पौष्टिक भोजन लेना आवश्यक है, यदि घर की स्त्री स्वस्थ रहेगी तो पूरा परिवार भी स्वस्थ एवं सशक्त रहेगा। वक्ताओं ने समूह चर्चा में महिलाओं में मोटापा की वजह से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग व कैंसर जैसी बीमारियां होने की आशंका के बारे में बताया। हीमोग्लोबिन (खून) की कमी से होने वाली कमजोरी तथा अन्य व्याधियों के बारे में भी चर्चा की गई साथ ही स्वस्थ जीवन शैली प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सकारात्मक एवं नकारात्मक आदतों को चिन्हित करते हुए अधिक अंक प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

# 1 अक्टूबर से नया सिस्टम, दशहरे पर बारिश का अलर्ट

## एमपी में अगले 4 दिन हल्की बरसात का अनुमान, तेज हवा चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। विदाई के बीच इस सप्ताह मध्यप्रदेश में मानसूनी बारिश की एक और झड़ी लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इससे दशहरे के दिन भी कई जिलों में बारिश हो सकती है। दक्षिणी हिस्से में ज्यादा असर रहेगा। फिलहाल हल्की बारिश का अलर्ट है**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, अगले 4 दिन तक प्रदेश में हल्की बारिश होने का अनुमान है। गरज-चमक और तेज हवा की स्थिति भी बनी रही। पांचवें दिन से तेज बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकता है। इससे पहले सोमवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। ग्वालियर से मानसून लौट गया है, लेकिन सोमवार को यहां 9 घंटे में सवा इंच पानी बरस गया। भोपाल, दतिया, खरगोन, बड़वानी, नर्मदापुरम, मंडला, सागर में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

बड़वानी जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर तलवाड़ा बुजुर्ग गांव के खेतों में बारिश का पानी घुस गया। स्थानीय किसान राकेश मुकाती ने कहा- तीन हेक्टेयर खेत में लगी भिंडी और मक्के की फसल खराब हो गई है। करीब 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ।

वहीं, खरगोन में नमी की वजह से कपास की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। मंडी में नीलामी एक सप्ताह के लिए रोक दी गई है। किसान अपने घरों में तो जिनिंग संचालक फैक्ट्री परिसर में कपास सुखा रहे हैं। केके फायबर्स के संचालक प्रितेश अग्रवाल ने कहा- जिनिंग फैक्ट्री में सूखने के लिए रखा 700 क्विंटल कपास गीला होकर बह गया। बारिश के कारण किसान खेतों से कपास की चुनाई नहीं करा पा रहे हैं। गीला कपास पौधों से टूटकर गिर रहा है।

### एक सप्ताह बाद से विदाई शुरू होगी

नया सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में मानसून की विदाई फिलहाल नहीं होगी। एक सप्ताह के बाद मानसून लौटने लगेगा। बता दें कि अब तक प्रदेश के 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है। इनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम भी शामिल हैं। राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्से से मानसून विदा हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो मानसून की वापसी के लिए अभी परिस्थिति अनुकूल नहीं है।

बता दें कि इस साल मानसून ने मध्यप्रदेश में 16 जून को दस्तक दी थी। समय से एक दिन बाद मानसून प्रदेश में एंटर हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार, 6 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों से मानसून विदा हो जाता है, लेकिन नया सिस्टम बनने से विदाई की तारीख आगे भी बढ़ सकती है।

# नवरात्रि पर्व मिलकर आराधना करने और सद्भाव बढ़ाने का माध्यम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री भोपाल के भेल क्षेत्र में भोजपाल गरबा महोत्सव में हुए शामिल





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवरात्रि पर्व हमें एक साथ मिलकर आराधना करने, मेलजोल और सद्भाव बढ़ाने का माध्यम बनता है। यह पावन पर्व शक्ति-आराधना का पर्व है। यह अवसर इतिहास के गौरवशाली अध्याय का स्मरण करवाता है। नवरात्रि पर्व में मां जगदम्बा, भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप और देवी-देवताओं के रूप में हमारे कलाकार उत्साह और श्रद्धा का परिचय देते हैं। ऐसी अनुभूति होती है कि माँ भवानी साक्षात हमारे बीच आ गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दशहरा पर्व भगवान श्रीराम की असुरों पर विजय के साथ माँ जगदम्बा द्वारा महिषासुर का वध करने के उल्लास का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की रात्रि भोपाल के भेल क्षेत्र में भोजपाल गरबा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।**

### वर्ष 2014 के बाद बदल गया है भारत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अलग पहचान बनाई है। जहां तक शौर्य की बात है अब कोई भी शत्रु भारत में आतंकवादी गतिविधि घटित करने की हिम्मत नहीं कर सकता। भारत, शत्रु को पाताल तक जाकर भी तलाश कर सकता है और शत्रु के घर में घुसकर उसे सबक सिखाने की क्षमता रखता है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का उदाहरण है कि भारत दुश्मन के किसी मंसूबे को सफल नहीं होने देगा। वर्ष 2014 के पहले का भारत बदल चुका है, अब कोई शत्रु भारत से बच नहीं सकता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में भारत के समस्त देव स्थानों पर आनंद की वर्षा हो रही है। भारत में शौर्य प्रदर्शन और विकास के साथ कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। खेल क्षेत्र में की बात करें तो गत रविवार को हुए 20-20 एशिया कप मैच में भारत की विजय सभी भारतीयों का गर्व बढ़ाने का कारण बनी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोजपाल गरबा महोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। यहां नागरिकों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदाधिकारी और गरबा महोत्सव के संयोजक श्री सुनील यादव के साथ अन्य पदाधिकारियों को गरबा महोत्सव को अभिनव स्वरूप देने की बधाई दी और सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निर्वहन के लिए अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में संयोजक श्री सुनील यादव, श्री रविंद्र यति, श्री विकास विरानी, श्री अमन यादव और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। गरबा महोत्सव के आखिरी दिन विशाल जनसमूह और कलाकार दल ने गरबा की आकर्षक प्रस्तुति दी।

**बिहार विधानसभा चुनाव 2025**

# मध्य प्रदेश कैडर के 25 IAS अधिकारी पर्यवेक्षक बनकर संभालेंगे चुनावी ड्यूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश कैडर के 25 IAS अधिकारियों को पर्यवेक्षक (Observer) नियुक्त किया है। ये सभी अधिकारी चुनावी कार्यों की निगरानी के लिए बिहार रवाना होंगे। बिहार रवाना होने से पहले सभी अधिकारी दिल्ली में चुनाव आयोग की ब्रीफिंग में शामिल होंगे। इसके बाद इन्हें अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा।

### यह अधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी

शोभित जैन – सदस्य सचिव, एमपी फूड कमीशन, सोनाली पोंक्षे वायंगणकर- पीएस सामाजिक न्याय विभाग, विवेक कुमार पोरवाल- पीएस, राजस्व विभाग, पी. नरहरि- पीएस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, डॉ. संजय गोयल-सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, रघुराज एम.आर-सचिव, श्रम विभाग, जीवी रश्मि-सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, मदन विभीषण नागरोजे- आयुक्त, हस्तशिल्प एवं हैंडलूम, स्वतंत्र कुमार सिंह-निदेशक, बीजीटीआर, भरत यादव-प्रबंध निदेशक, एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, अभिषेक सिंह- सचिव, गृह विभाग, अजय गुप्ता- निदेशक, किसान कल्याण विभाग, अमित तोमर- आईजी पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, अविनाश लवानिया- प्रबंध निदेशक, पॉवर मैनेजमेंट कंपनी (जबलपुर), प्रीति मैथिल- आयुक्त सह निदेशक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, अनुराग चौधरी-अपर सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, तरुण राठी- निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, गौतम सिंह-अपर सचिव, राजस्व विभाग, गिरीश शर्मा- निदेशक, एमपी स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, हरजिंदर सिंह- निदेशक, राज्य शिक्षा केंद्र, सरिता बाला ओम प्रजापति-निदेशक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (WALMI), वीरेंद्र कुमार-अपर सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, डॉ. फटिंग राहुल हरिदास-आयुक्त, एमपी हाउसिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड, कुमार पुरुषोत्तम- प्रबंध निदेशक, कृषि विपणन बोर्ड शामिल हैं।

**शहडोल में मातम का माहौल**

# तालाब में डूबने से मां-बेटी की मौत

**शहडोल।** गोहपारू थाना क्षेत्र के बरहा गांव में अमृत सरोवर तालाब में नहाते समय मां और बेटी की डूबने से मौत हो गई है। मौत ने पूरे गांव में शोक का माहौल बना दिया है। यह घटना सोमवार दोपहर को घटी, जब महिला अपने 13 वर्षीय पुत्री के साथ तालाब में नहाने गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, आशिया खान अपनी मां तरन्नुम एवं सहेलियों के साथ तालाब में नहा रही थी। अचानक, वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। मां ने जब अपनी बेटी को डूबते देखा, तो उसने तुरंत मदद के लिए गहरे पानी में कूदने का निर्णय लिया। वह भी डूबने लगी तभी तालाब में मौजूद अन्य लोगों ने मां तरन्नुम को किसी प्रकार बाहर निकाल लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश, आशिया को बचाने में सभी प्रयास विफल रहे। तालाब में डूबने के बाद, तरन्नुम की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें लोगों ने तुरंत जयसिंहनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। बेटी आशिया का शव घटना के कुछ समय बाद तालाब से बाहर पुलिस के साथ गांव के लोगों ने निकाल लिया है।

# एशिया कप फाइनल पर सट्टा, डेढ़ करोड़ का हिसाब मिला

## ◆7 आरोपी ऑनलाइन बैटिंग कराते पकड़ाए; 50 लाख का माल जब्त, 15 लाख रुपए फ्रीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल की गोविंदपुरा पुलिस ने एशिया कप फाइनल मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इनके पास से डेढ़ करोड़ रुपए के लेन-देन का हिसाब भी मिला है। पुलिस ने आरोपियों के खातों में मौजूद 15 लाख रुपए फ्रीज करा दिए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 लैपटॉप, 40 स्मार्टफोन, 80 सिमकार्ड, 180 एटीएम कार्ड्स, केस काउंटिंग मशीन, वाइफाई राउटर और लगभग 1.5 करोड़ रुपए के हिसाब-किताब के रजिस्टर जब्त किए हैं। आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी मिले हैं। रविवार रात को आरआरजी टाउनशिप के रेसीडेंशियल फ्लैट में रैड की गई। फ्लैट में अन्य पांच आरोपी ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे टेलीग्राम के माध्यम से फर्जी सिम और खाते प्राप्त कर ऑनलाइन पैनल पर सट्टा संचालित कर रहे थे और लाभ कमा रहे थे। आरोपियों ने बताया कि इंस्टाग्राम एडवर्टाइजमेंट के जरिए यूएसडीटी और इंडियन करेंसी में भुगतान लेकर टेलीग्राम पर "महादेव" जैसे बैटिंग ऐप के माध्यम से क्रिकेट और अन्य प्रतियोगिताओं पर बैटिंग कराई जा रही थी। उन्होंने अज्ञात व्यक्तियों से रुद्र डायमंड वेबसाइट पोर्टल का एक्सेस लेकर देश भर से लोगों को बैटिंग प्वाइंट उपलब्ध कराया। आरोपी ग्राहकों से पैसे विभिन्न फर्जी अकाउंट्स में जमा करवाकर बैटिंग करवाते थे। आपस में वॉट्सऐप के जरिए संपर्क बनाए रखते और अपनी पहचान छुपाकर लेन-देन करते थे। जिससे कि किसी भी आरोपी के पकड़े जाने पर दूसरे आरोपी तक पुलिस न पहुंच सके।


**ये आरोपी हुए गिरफ्तार-** अरुण वर्मा, पिता खिलेश्वर राव वर्मा, 28 वर्ष, ग्राम कुशमी, थाना पलारी, जिला बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़, डिगेश्वर प्रसाद वर्मा, पिता राम प्यारे वर्मा, 33 वर्ष, ग्राम खैरी, थाना भाटापारा, जिला बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़, दिव्यांशु पवार, पुत्र कैलाश पवार, 26 वर्ष, चंदनगांव, छिंदवाड़ा, गोपी मणिकपुरी, पुत्र रघुनाथ दास मणिकपुरी, 23 वर्ष, ग्राम तिल्ला, वार्ड नंबर 3, थाना तिल्ला, जिला रायपुर, अंकित दास, पिता सोहन दास, 23 वर्ष, वार्ड नंबर 07, रावल मार्केट, अमलई, जिला शहडोल, तरुण वर्मा, पिता परशुराम वर्मा, 24 वर्ष, ग्राम तुलसी नेवरा, थाना तिल्दा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, सुनील वर्मा, पुत्र लेखराम वर्मा, 35 वर्ष, ग्राम पलारी, बस स्टैंड के पीछे, वार्ड नंबर 13, थाना पलारी, जिला बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़।

## संपादकीय

# निरंतर बातचीत के निकट भविष्य में वांछित नतीजे आएंगे

केंद्र ने कहा कि वह लद्दाख मामलों पर लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। इसने विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर बातचीत से निकट भविष्य में वांछित नतीजे सामने आएंगे। एलएबी ने इससे पहले घोषणा की थी कि जब तक लद्दाख में सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो जाती और अनुकूल माहौल नहीं बन जाता, तब तक वह केंद्र के साथ बातचीत से दूर रहेगा। एलएबी ने कहा था कि वह वार्ता की मेज पर लौटने के बारे में पुनर्विचार करेगा, ''यदि (छह अक्टूबर को) निर्धारित अगले दौर की वार्ता से पहले सही कदम उठाए जाते हैं''। एलएबी सरकार से 24 सितंबर को हिंसा में हुई मौतों की न्यायिक जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने तथा जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित हिरासत में लिये गए सभी लोगों को रिहा करने की भी मांग कर रहा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) या ऐसे किसी भी मंच के माध्यम से एलएबी और केडीए के साथ चर्चा का स्वागत करेगी। बयान में कहा गया है कि सरकार लद्दाख मामलों पर लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ हमेशा ''किसी भी समय'' बातचीत के लिए तैयार रही है। बयान के मुताबिक, लद्दाख पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के माध्यम से एलएबी और केडीए के साथ स्थापित संवाद तंत्र से अब तक अच्छे परिणाम सामने आए हैं, जैसे- लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण में वृद्धि, लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) में महिलाओं के लिए आरक्षण प्रदान करना और स्थानीय भाषाओं को संरक्षण प्रदान करना। मंत्रालय ने कहा, ''लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में 1800 सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पहले ही शुरु हो चुकी है। हमें विश्वास है कि निरंतर बातचीत के निकट भविष्य में वांछित नतीजे आएंगे।'' राज्य का दर्जा और लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए 'लेह एपेक्स बॉडी' (एलएबी) द्वारा आहूत बंद के दौरान 24 सितंबर को व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए।

isha




*शिक्षा और आध्यात्मिक प्रक्रिया पूर्वाग्रही दिमाग के हाथों में नहीं होनी चाहिए। पूर्वाग्रह का अर्थ है जीवन को उस तरह से न देखना जैसा वह है।*

– जग्गी वासुदेव

Health is Wealth

खराब नींद और लेट-नाइट वर्क कल्चर...

# बढ़ते हृदय रोगों का मुख्य कारण, ये हैं बचाव के 5 उपाय



**आजकल की तेज रफ्तार जिंदगी में लेट नाइट काम करने का ट्रेंड और अनियमित नींद लेना, लोगों के जीवन का एक सामान्य पैटर्न बन गया है। अगर आपको लगता है ये दोनों ही आदतें, सिर्फ व्यक्ति की शारीरिक थकान से जुड़ी हुई हैं तो आपको बता दें, आप गलत हैं। जी हां, लंबे समय तक इन आदतों को अपनाने से व्यक्ति के लिए हृदय स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं। आज दुनियाभर में वर्ल्ड हार्ट डे 2025 मनाया जा रहा है। यह खास दिन लोगों को दिल से जुड़े रोगों और हार्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। आज इस खास मौके पर जानते हैं कि कैसे देर रात काम करने की आदत और खराब नींद लेने का सीधा संबंध दिल से की बीमारियों से जुड़ा हुआ है। फोर्टिस हॉस्पिटल, (वसंत कुंज) के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, डॉ. पूर्णेश्वर कुमार पांडेय के अनुसार हाल के वर्षों में किए गए कई अंतरराष्ट्रीय और भारतीय शोध इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि नींद की कमी और देर रात तक काम करने की प्रवृत्ति हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे कार्डियक खतरे को कई गुना बढ़ा देती है। आइए जानते हैं कैसे-**

## ◆ नींद की कमी और हार्ट हेल्थ

डॉ. पूर्णेश्वर कुमार पांडेय के अनुसार एक स्वस्थ वयस्क के लिए रोजाना 7–8 घंटे की गहरी और अच्छी नींद लेना जरूरी माना गया है। जब नींद लगातार पूरी नहीं होती, तो शरीर में कॉर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। यह हार्मोन लंबे समय तक ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट को बढ़ाकर रखते हैं, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ने लगता है। इसके अलावा, नींद की कमी से इंसुलिन रेजिस्टेंस भी बढ़ता है, जिसके कारण डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा भी बढ़ जाता है। ये दोनों ही कारण हृदय रोग के प्रमुख कारण माने जाते हैं।

## ◆ लेट-नाइट वर्क कल्चर का दिल पर असर

आईटी, मीडिया, स्टार्टअप्स और कॉरपोरेट सेक्टर में देर रात तक काम करने की आदत अब एक ट्रेंड बन चुकी है। लगातार देर रात काम करने से शरीर की सर्केडियन रिदम (बॉडी क्लॉक) असंतुलित हो जाती है। इस असंतुलन का असर हार्मोनल बदलाव, मोटापा, हाइपरटेंशन और दिल की अनियमित धड़कन (Arrhythmia) के रूप में सामने आता है। साथ ही, देर रात काम करने वाले लोग जागते रहने के लिएअक्सर कैफीन, जंक फूड या स्मोकिंग का सहारा लेते हैं, जो पहले से ही कमजोर हो चुके हृदय पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं।

## ◆ हृदय रोगों के खतरे की रोकथाम और समाधान

डॉ. पूर्णेश्वर कुमार पांडेय के अनुसार हृदय रोगों के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करना बेहद जरूरी है जैसे-

- हर दिन कम से कम 7 घंटे की नींद को प्राथमिकता दें और सोने-जागने का समय निश्चित रखें।
- यदि देर रात तक काम करना अनिवार्य हो, तो बीच-बीच में 10–15 मिनट का ब्रेक लेकर रिलैक्स करें
- कैफीन का अत्यधिक सेवन न करें।
- दिनचर्या में हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधि, योग और ध्यान शामिल करें।
- ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच करवाते रहें।

Tamil Nadu

# विजय की रैली में भगदड़ मामले में एक्शन, TVK जिला सचिव मथियालगन गिरफ्तार; 41 लोगों की गई थी जान

**करूर, (एजेंसी)** तमिलनाडु के करूर जिले में अभिनेता और राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की रैली में भगदड़ के मामले में बड़ा एक्शन सामने आया है। इसके तहत पार्टी के करूर वेस्ट जिला सचिव वीपी मथियालगन को पुलिस ने सोमवार रात करूर-डिंडीगुल बॉर्डर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि बीते शनिवार यानी 27 सितंबर को करूर के वेलुसामीपुरम में विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है और 60 से अधिक लोग घायल हैं। सोमवार को एक 60 वर्षीय



महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

बता दें कि भगदड़ में हुई 41 लोगों की मौत मामले में दर्ज एफआईआर में टीवीके के तीन पदाधिकारियों के नाम है, जिसमें जिला सचिव वी पी. मथियालगन, प्रदेश महासचिव बुसी आनंद और उप महासचिव निर्मल कुमार का नाम शामिल है। पार्टी के इन पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की चार धाराएं लगाई गई हैं, जिसमें धारा 105 गैर-इरादतन हत्या, धारा 110 गैर-इरादतन हत्या का प्रयास, धारा 125 दूसरों के जीवन को खतरे में डालना और धारा 223 के तहत आदेश की अवहेलना का आरोप है। इतना ही नहीं मामले में तमिलनाडु सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1992 की धारा तीन के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

Uttarakhand

## धार्मिक पोस्ट पर छात्र की आपत्तिजनक टिप्पणी से देहरादून में बिगड़ा माहौल

◆ आधी रात 500 की भीड़ जुटी



**देहरादून, (एजेंसी) सोशल मीडिया पर एक धार्मिक पोस्ट को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सोमवार रात देहरादून में माहौल बिगड़ गया। करीब 500 की भीड़ सड़क पर जमा होकर नारे लगाने लगी। हालात को काबू करने के लिए कई थानों की पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने उपद्रवियों पर लाठीचार्ज भी किया। इस दौरान सड़क जाम होने से कुछ देर ट्रैफिक प्रभावित रहा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टिप्पणी करने के आरोपी को हिरासत में ले लिया।**

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी छात्र की टिप्पणी वायरल होने से मामला और बिगड़ गया। इसके बाद यह व्हाट्सऐप के जरिए कई लोगों तक पहुंचा। करीब 500 लोगों की भीड़ बाजार चौकी पर जमा हो गई। लोग नारे लगाने लगे। पुलिस ने शांतिपूर्वक समझाया, मगर वे नहीं माने। आखिर में कई थानों की फोर्स को मौके पर बुलाना पड़ा और लाठीचार्ज करके भीड़ को खदेड़ा गया। देर रात तक इलाके में फोर्स तैनात रही, ताकि अप्रिय घटना न हो। एसएसपी ने अपील की कि कोई भी सोशल मीडिया पर किसी की भावना को ठेस न पहुंचाए।

Maharashtra

## रंगोली से सड़क पर 'आई लव मोहम्मद' लिखने से तनाव

**अहिल्यानगर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजीनगर हाईवे जाम कर दिया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिख दिया गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन 'हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान' ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया। इससे गांव के दोनों ओर सैकड़ों वाहन जमा हो गए।

Chhattisgarh

## कांस्टेबल ने किया रेप, युवती ने दी आत्मदाह की धमकी

**कवर्धा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है। एक युवती ने जिले में पदस्थ ट्रैफिक कांस्टेबल पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस वजह से वह न्याय के लिए मजबूर महसूस कर रही है। युवती ने बताया कि पहले ही एसपी कार्यालय को लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर कांस्टेबल सतीश मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस अपने ही कर्मचारी की सुरक्षा में जुटी हुई है। कवर्धा के एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया



कि मामला गंभीर है। ट्रैफिक कांस्टेबल ने अपनी पत्नी के रहते हुए युवती को शादी का झांसा दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी को सस्पेंड कर दिया गया है और जांच जारी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में युवती ने स्पष्ट कहा कि कार्रवाई न होने की स्थिति में वह आत्मदाह करने को मजबूर हो सकती है।

खेल

◆ एशिया कप जीतकर टीम इंडिया मुंबई पहुंची

# एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, सूर्या बोले- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था









**नई दिल्ली, (एजेंसी) एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।**

सूर्या बोले- 'मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को पहला IPL टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- ' हम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है।' सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए।

सिनेमा

## अब भूतों और चुड़ैलों से होगा प्रभास का सामना, संजय दत्त का लुक सब पर छाया



साउथ सुपरस्टार एक्टर प्रभास पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म द राजा साब के लिए खबरों में बने हुए हैं। आज मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर फैंस को सरप्राइज दे दिया है। फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें प्रभास डबल रोल में नजर आने वाले हैं। ट्रेलर के मुताबिक फिल्म की कहानी एक हवेली पर बेस्ड है। प्रभास का किरदार अपनी पुश्तैनी हवेली में जब प्रवेश करता है तो उसे अपने दादा जी की आत्मा के होने के बारे में पता चलता है। साढ़े तीन मिनट से भी ज्यादा लंबे इस ट्रेलर में प्रभास की लव स्टोरी, भूतिया हवेली और भूतों से संघर्ष और संजय दत्त की एंट्री दिखाई गई है। संजय दत्त का लुक प्रभावित करने वाला है। फिल्म में उनका किरदार नेगेटिव होने वाला है। लेकिन संजू बाबा तो अपने हर किरदार में कमाल करते हैं। ये रोल भी याद रहने वाला है। फिल्म में ज़रीना वहाब भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस मालविका मोहन, निधि अग्रवाल, ब्रह्मानंद,बोमन ईरानी और योगी बाबू जैसे एक्टर्स भी दिखने वाले हैं। बता दें, इस फिल्म का डायरेक्शन मारुती ने किया है जो पहले भी कई शानदार फिल्मों को बना चुके हैं। वहीं प्रभास फिल्म बाहुबली के बाद से ऑडियंस पर कोई खास छाप छोड़ने में फेल हुए हैं। उनकी पिछली कई

## Highlights

1. Will help youth secure jobs in Germany, Japan: Telangana CM after US' H-1B visa fee hike
2. Mukhi becomes 1st India-born cheetah to reach maturity
3. Bengaluru police rescue kidnap victims, recover ₹1 crore
4. Ashram director changed hotels, stayed with sadhus to evade arrest

# Air India gets $215 million loan from Bank of India, StanChart via GIFT City

**NEW DEIHI, (Agency).** Air India raised about $215 million from Bank of India and Standard Chartered Plc for refinancing, according to people familiar with the matter.

The six-year loan, raised through Gujarat International Finance-Tec City, or GIFT City, is priced at about 168 basis points over the secured overnight financing rate, said the people, who asked not to be identified because it is not yet public.

Proceeds will be used to refinance shorter duration debt Air India used to acquire six Boeing 777-300ER aircraft, the people said. Bloomberg News reported in July that Air India was seeking a bank loan of about $200 million.



The loan comes after an Air India plane crash in June was one of the worst aviation accidents in the country, initially causing talks for fund raising to slow.

Air India, Bank of India and Standard Chartered did not immediately reply to requests for comment.

The deal represents the first time Bank of India acted as a mandated lead manager in a loan deal from GIFT City, one of the people said.

# EA Games gets sold at $55 billion valuation in largest M&A deal of 2025

**NEW DEIHI, (Agency).** Electronic Arts Inc. has agreed to sell to a group of private investors in a deal that values the company at $55 billion, in what is the largest leveraged buyout on record.

The consortium, which includes Silver Lake Management, Saudi Arabia's Public Investment Fund and Jared Kushner's Affinity Partners, agreed to pay $210 per share in cash for the Redwood, California-based company, according to a statement Monday. That represents a 25% premium to where its shares traded before the talks leaked on Friday.

EA Games, the maker of EA Sports FC and The Sims, is selling amid sluggish growth for the $178 billion video game industry, after sales swelled during the pandemic lockdowns. The company, which has experienced numerous rounds of layoffs, has been seeking new areas of growth to inspire players who have gravitated toward free-to-play franchises that are continually updated rather than splash out on new titles that can cost $80.



The transaction, which includes $20 billion in debt financing from JPMorgan Chase & Co., also shows Wall Street's appetite for game-changing mergers under the deal-friendly Trump Administration, despite recession fears and geopolitical concerns impacting the broader economy.

**EA Games History-** Founded in 1982, Electronic Arts is one of the world's largest independent video-game publishers after a wave of industry consolidation of the past few years. Activision Blizzard, maker of the Call of Duty shooter games, was acquired by Microsoft Corp. two years ago.

At $55 billion, the pact displaces the $45 billion take-private of power company TXU in 2007 as the largest buyout on record. It's also the largest M&A deal of 2025.

Going private will remove the distraction of quarterly earnings and investor demands. EA's strength in sports gives the company the predictable revenue that private equity firms like. The company's sports titles, including Madden NFL accounted for four of the industry's top 10 best sellers last year according to the market research firm Circana.

Analysts are also expecting a boost from the next Battlefield 6, the latest entry in the Redwood City, California-based company's popular shooter game franchise scheduled to be released on 10 October. Early buzz for the title has been strong and helped lift EA's shares 15% this year before news of the buyout emerged.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरुरत....

# व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरुरत.....

# कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरुकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक